>

Title: Regarding high quantity of arsenic in the ground water in Ballia Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh and other parts of the country.

श्री नीरज शेखर (बलिया): सभापति महोदय, हमारे देश में स्वच्छ पीने के पानी की बहुत गंभीर समस्या है। आज यूपी और बिहार के एक बड़े क्षेत्र में पानी आर्सेनिक होता जा रहा है। मैं इस सदन में कई बार यह बात उठा चुका हूं, लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि सरकार इस बारे में कोई कदम नहीं उठा रही है। आज उत्तर प्रदेश और बिहार के कई क्षेत्रों में लोगों को आर्सेनिक पानी, यानी जहरीला पानी पीना पड़ रहा है। अफसोस की बात है कि आजादी के 65 साल बाद भी हम कई बड़ी-बड़ी बातें करते हैं कि स्पेस में पहुंच गये और यह-यह काम कर रहे हैं, लेकिन आज तक हम अपने लोगों को स्वच्छ पीने का पानी तक नहीं दे पाये।

मेरे लोक सभा क्षेत्र बलिया में बैरिया एक विधान सभा क्षेत्र आता है, जिसमें इसकी काफी गंभीर समस्या हो गयी है। वहां के लोगों को इसके कारण कई बीमारियां हो गयी हैं, जैसे उनके लीवर और किडनी डैमेज हो रही हैं। इसकी वजह से बच्चों की स्किन में कई तरह की बीमारियां आ रही हैं। आर्सेनिक पानी, जो बहुत गंभीर समस्या है, उस तरफ हम ध्यान नहीं दे रहे हैं। मुझे बहुत दुख होता है कि न्यूयार्क टाइम्स में, अमेरिका में बलिया की समस्या के बारे में छापा जा रहा है, लेकिन फिर भी हमारी सरकार इसके लिए कोई कठोर कदम नहीं उठा रही। कई जगह आर्सेनिक पानी है, फ्लोराइड और पारा बढ़ गया है। यह समस्या सिर्फ उत्तर प्रदेश और बिहार की ही नहीं है, बल्कि पूरे देश में हो रही है। लेकिन अफसोस यही है कि आज वहां के लोगों को वही पानी पीना पड़ रहा है।

सभापति महोदय, मैं आपसे और आपके माध्यम से सरकार को कहना चाहता हूं कि यह गंभीर समस्या है। हम लोगों की सबसे पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि अपने लोगों को स्वच्छ पानी दे सकें। आर्सेनिक पानी की वजह से जो समस्या उत्पन्न हो रही है, वह मैं बताना चाहता हूं। आर्सेनिक पानी की समस्या इतनी गंभीर हो गयी है कि उससे जो उपज हो रही है, उसमें भी आर्सेनिक की मात्रा पायी जा रही है। जो अनाज पैदा हो रहा है, धान पैदा हो रहा है, उसमें भी आर्सेनिक पाया जा रहा है। मै कहना चाहता हूं कि यह बहुत गंभीर समस्या है इसलिए इस बारे में सोचने की बहुत आवश्यकता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि वह उत्तर प्रदेश और बिहार की समस्या, विशेषकर मेरे लोकसभा क्षेत्र की इस समस्या को गंभीरता पूर्वक देखे।